ARYABHATTA KNOWLEDGE UNIVERSITY, PATNA

Mithapur, Patna–800 001

Established by the State Legislature Act. XXIV of 2008,

Phone No.:–0612-2351919. Email: akuniv10@gmail.com . Website:- www.akubihar.ac.in

पत्रांकः–006/Affili/032/AKU/2014 (Vol.-V) - 224 दिनांकः 17.01.2025.

प्रेषकः–

कुलसचिव,
आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय,पटना

सेवा में,

प्राचार्य / निदेशक
सभी सम्बद्ध व्यावसायिक एवं प्रबंधन महाविद्यालय / संस्थान,
आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

विषयः– शैक्षणिक सत्र 2025–2026 के औपबंधिक सम्बद्धता विस्तार के संबंध में।

महाशय,

उक्त के संबंध में सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2025–2026 के औपबंधिक सम्बद्धता विस्तार के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि **18.01.2025** से **20.02.2025** के अपराह्न 05.00 बजे तक निर्धारित की गई है। निम्नलिखित शर्त्तों सहित इच्छुक महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा आवेदन ससमय समर्पित किया जाना सुनिश्चित करें:–

1. आवेदन हेतु कॉलेज / संस्थान को ऑनलाईन फॉर्म भरना होगा और सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे। कॉलेज / संस्थान को पाठ्यक्रम और प्रवेश क्षमता के अनुसार आवश्यक कुल शुल्क (GST 18%) (आवेदन प्रपत्र शुल्क, निरीक्षण सह प्रक्रिया शुल्क एवं संबद्धता शुल्क) जमा करना होगा। **सभी प्रकार का शुल्क केवल कॉलेज / संस्थान के बैंक खाते से या प्रायोजक ट्रस्ट / सोसाइटी खाते से स्वीकार्य होगा। व्यक्तिगत खाते से जमा की गई राशि स्वीकार्य नहीं होगी।** कॉलेज / संस्थान को http://affln.akubihar.ac.in पर जाकर ऑनलाईन आवदेन की प्रक्रिया करनी है। यह URL आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के वेबसाईट पर उपलब्ध है।
2. किसी प्रकार की **तकनीकी सहायता** के लिए आप आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के आई.टी. सेल के **ईमेल– itcell.aku@gmail.com** पर सम्पर्क कर सकते है।
3. आवेदन विश्वविद्यालय द्वारा विहित प्रपत्र (ऑनलाईन प्रक्रियाबद्ध में पूर्णरूप से भरी हुई) में ही स्वीकार किये जायेंगे।
4. ऑनलाईन फॉर्म पूर्ण रूप से भरने के बाद, कॉलेज / संस्थान को ऑनलाईन जमा किये गये आवेदन की अंतिम रूप से जाँच और सत्यापन प्रक्रिया के बाद कॉलेज / संस्थान आवदेन सबमिट करेंगे जिस पर विश्वविद्यालय से संबद्धता संबंधित अग्रेतर कार्रवाई किया जाएगा।
5. औपबंद्धिक संबद्धता के लिए आवेदित आवेदन पत्र एवं सभी संलग्नकों की **विधिवत सत्यापित हार्ड कॉपी आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 25.02.2025 (मंगलवार) के अपराह्न 05:00 बजे तक निर्धारित हैं।**
6. विश्वविद्यालय के ज्ञापांक 006/Affili/032/AKU/2014-2067 दिनांक 16.05.2017 (संलग्न) के आलोक में निर्धारित शुल्क विश्वविद्यालय के संबंधित खाता में **NEFT/RTGS के माध्यम से "संस्था" या प्रायोजक "ट्रस्ट" / "सोसाईटी" के बैंक खाता से ट्रांसफर कराये जाने पर ही** आवेदन स्वीकार किये जायेंगे।
7. संबद्धता विस्तार हेतु निर्धारित शुल्क ऑनलाईन जमा करने के उपरांत पत्र के साथ संलग्न चालान में जमा किये गये शुल्क की विस्तृत विवरणी (NEFT/RTGS/UTR No. के साथ) भरकर आवेदन (हार्ड कॉपी के साथ) के साथ जमा करना सुनिश्चित करें।
8. नामांकन प्रक्रिया किसी भी परिस्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा औपबंधिक सम्बद्धता विस्तार (पत्र प्राप्ति) के उपरांत ही प्रारम्भ किया जाय। बिना औपबंधिक सम्बद्धता विस्तार पत्र के किसी तरह के नामांकन की स्थिति से संभावित छात्र–क्षति के लिए संस्थान पूर्णरूप से उत्तरदायी होंगे।

ARYABHATTA KNOWLEDGE UNIVERSITY, PATNA
Mithapur, Patna–800 001
Established by the State Legislature Act. XXIV of 2008,
Phone No.:–0612-2351919, Email: akuniv10@gmail.com , Website:- www.akubihar.ac.in

9. विश्वविद्यालय द्वारा औपबंद्धिक संबद्धता विस्तार के लिए निर्धारित शुल्क (आवेदन प्रपत्र शुल्क, निरीक्षण सह प्रक्रिया शुल्क एवं संबद्धता शुल्क 18% GST के साथ) महाविद्यालयों द्वारा आवेदन के साथ ही NEFT/RTGS के माध्यम से उपलब्ध कराया जाय। निर्धारित शुल्क की विवरणी निम्नवत हैः–

Sl. No.	Name of fee	Amount in Rupees UG Course	Amount in Rupees PG Course	Name of Fund	Bank Name	Account No.	IFSC Code
1.	Application Form Fee	2500/- Per course	2500/- Per course	AKU, Patna Affiliation Fund	Indian Bank, Kankarbagh, Patna	6659726767	IDIB000K196
2.	Inspection cum Processing Fee	25000/- per Unit	25000/- per Unit	AKU, Patna Inspection cum Processing Fund	Central Bank of India	3610250763	CBIN0284778
3.	Affiliation Fee	40000/- per Unit	60000/- per Unit	AKU, Patna Affiliation Fund	Indian Bank, Kankarbagh, Patna	6659726767	IDIB000K196

आपसे अनुरोध है कि औपबंद्धिक संबद्धता विस्तार की पूर्ण प्रक्रिया तय समय सीमा पर किये जाने हेतु आप सहयोग करें एवं विश्वविद्यालय द्वारा माँगे गये सभी कागजात/दस्तावेज ससमय उपलब्ध करायें।

कुलपति के आदेशानुसार
ह०/–
कुलसचिव
आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

ज्ञापांकः–006/Affili/032/AKU/2014 (Vol.-V) - 224
दिनांकः 17.01.2025.

प्रतिलिपिः–

1. प्रधान सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी (वि०वि०), कुलाधिपति कार्यालय, सचिव/निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. कुलपति के निजी सहायक, कुलसचिव कार्यालय, परीक्षा नियंत्रक, वित्त पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी (वित्त शाखा), प्रशाखा पदाधिकारी (सामान्य प्रशासन शाखा), वित्त शाखा एवं लेखा सहायक वित्त शाखा, डायरी एवं डिस्पैच शाखा आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ एवं आई.टी. सेल, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को विश्वविद्यालय के बेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

17/01/25

कुलसचिव
आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना